(xi) प्रयोगवाद के प्रवर्तक का क्या नाम है ?

(xii) छायावाद के प्रवर्तक का नाम लिखिए।

(xiii) ''श्वानों को मिलता दूधवस्त्र'' किसकी पंक्ति है ?

(xiv) ''अबे, सुन बे गुलाब'' किस कवि की पंक्ति है ?

(xv) ''महाशून्य'' किस दर्शन का शब्द है ?

♦♦♦





# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा - 2013

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## प्रथम पत्र : आधुनिक काव्य

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्हीं तीन पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 3x10=30

(अ) जगती वणिक्वृत्ति है रखती।
उसे चाहती जिससे चखती।
काम नहीं, परिणाम निरखती।
मुझे यही खलता है।
दोनों ओर प्रेम पलता है।

(ब) तपस्वी क्यों हो इतने क्लांत ?
वेदना का यह कैसा वेग ?
आह तुम कितने अधिक हताश,
बताओ यह कैसा उद्वेग ?

(स) राजा सिंहासन से उतरे –
रानी ने अर्पित की सतलड़ी माल,

जनता विह्वल वह उठी ''धन्य।
हे स्वरिजत ! धन्य ! धन्य !''

(द) क्या नहीं कर रहे तुम अनर्थ – सोचो मन में,
क्या दी आज्ञा ऐसी कुछ श्री रघुनन्दन ने ?
तुम सेवक हो, छोडकर धर्म कर रहे कार्य –
क्या असम्भाव्य हो यह राघव के लिए धार्य ?
कपि हुए नम्र, क्षण में माताछवि हुई लीन
उतरे धीरे–धीरे गह प्रभु–पद हुए दीन।

प्र. 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2x10=20

(अ) छायावाद की प्रमुख प्रवृत्तियों को सोदाहरण समझाइए।

अथवा

''असाध्य वीणा'' के काव्य–सौन्दर्य को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ब) ''ऋषभायण'' के काव्य–सौन्दर्य को उदघाटित कीजिए।

अथवा

''रामधारीसिंह दिनकर के काव्य में राष्ट्रीय भावना परिलक्षित होती है।''
इस कथन की समीक्षा कीजिए।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5 x 4=20

(i) सहज कविता क्या है ?

(ii) ताजी कविता किसे कहते है ?



(iii) ''नदी के द्वीप'' कविता का परिचय दीजिए।

(iv) ''इडा'' सर्ग का क्या महत्त्व है ?

(v) उर्मिला के चरित्र की दो महत्त्वपूर्ण विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(vi) नरेश मेहता के साहित्यिक महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

(vii) ''आत्मजयी'' को संक्षेप में समझाइए।

(viii) कुंवर नारायण की रचनाओं के नाम लिखिए।

प्र. 4. निम्नांकित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 10 x 1= 10

(i) किन्हीं दो प्रगतिवादी कवियों का नामोल्लेख कीजिए।

(ii) विरह की कवयित्री कौन है ?

(iii) प्रकृति का सुकुमार कवि किसे कहा जाता है ?

(iv) चौथे सप्तक के सम्पादक कौन थे ?

(v) ''रत्नाकर'' का पूरा नाम लिखिए।

(vi) ''उद्धव शतक'' किस परम्परा का काव्य है ?

(vii) जगदीश गुप्त किस धारा के कवि हैं ?

(viii) नरेश मेहता की दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए।

(ix) ''बच्चन'' किस धारा के कवि हैं ?

(x) ''कुरुक्षेत्र'' किस कवि की रचना है ?

(x) लेखक के मतानुसार भारतीय भूमि के पहले मालिक कौन हैं ?

(xi) सामंती प्रभुता किन कारणों से टूटी ?

(xii) जोड़ियां बनाइए –

| | | |
|---|---|---|
| विद्यापति | (अ) | राजस्थान |
| ज्ञानेश्वर | (ब) | मैथिल कवि |
| मीरांबाई | (स) | महाराष्ट्र |
| नरसी मेहता | (द) | बंगाल |
| चंडीदास | (य) | गुजरात |

(xiii) सफल जीवन का सूत्र क्या है ?

(xiv) किस शब्द के अनेक पर्यायवाची शब्द लेकर मिश्रजी ने व्यंग्य की निकटता बढ़ाई है ?

(xv) बाण लिखित नाटक का नाम बताइए।

♦♦♦





# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा – 2013

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## द्वितीय पत्र : गद्य साहित्य

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्न में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 3x10=30

(i) मैं अगर रोता हूं तो दु:ख की हंसी उड़ाता हूं। मैं अगर बीमार होता हूं तो मुझे सुख होता है। मैं अगर अपना ब्याह करके घर में कलह नहीं बढ़ाता तो यह मेरी नीच स्वार्थपरता है, अगर ब्याह कर लूं तो वह मेरी विलासांधता होगी। अगर शराब नहीं पीता तो मेरी कंजूसी है। शराब पीने लगूं तो वह प्रजा का रक्त होगा। अगर ऐय्याशी नहीं करता तो अरसिक हूं, ऐय्याशी करने लगूं तो फिर कहना ही क्या ? इन लोगों ने मुझे भोग विलास में फंसाने के लिए कम चालें नहीं चलीं और अब तक चलते जाते हैं। उनकी यही इच्छा है कि अंधा हो जाऊं और ये लोग लूट लें और मेरा धर्म यह है कि सब कुछ देखकर भी कुछ न देखूं। सब कुछ जानकर भी गधा बना रहूं।

(ii) मानव कब दानव से भी दुर्दान्त, पशु से भी बर्बर और पत्थर से भी कठोर, करुणा के लिए निरवकाश हृदयवाला हो जाएगा, नहीं जाना जा

सकता। अतीत सुखों के लिए सोच क्यों, अनागत भविष्य के लिए भय क्यों और वर्तमान को मैं अपने अनुकूल बना ही लूंगा, फिर चिंता किस बात की ?

(iii) माँ, आज के वे क्षण मैं कभी नहीं भूल सकती। सौंदर्य का ऐसा साक्षात्कार मैंने कभी नहीं किया। जैसे वह सौंदर्य अस्पृश्य होते हुए भी मांसल हो मैं उसे छू सकती थी, देख सकती थी, पी सकती थी तभी मुझे अनुभव हुआ कि वह क्या है जो भावना को कविता का रूप देता है। मैं जीवन में पहली बार समझ पायी कि क्यों कोई पर्वत–शिखरों को सहलाती मेघ–मालाओं में खो जाता है, क्यों किसी को अपने तन–मन की अपेक्षा आकाश में बनते–मिटते चित्रों का इतना मोह रहता है। क्या बात है माँ ? इस तरह चुप क्यों हो ?

(iv) इतिहास इस तथ्य की ओर संकेत करता है कि जब कभी हमारे देश में भाषा और साहित्य की यह संयोजना शक्ति कम हुई है, और पृथकता तथा विदेशी प्रभावों का प्राबल्य हुआ है, तब–तब सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में संकट आया है और हमें राष्ट्रीय दुर्दिन देखने पडे हैं।

प्र. 2. निम्न में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए– 2x10= 20

(i) 'गोदान' में चित्रित ग्रामीण तथा नगरीय जीवन का निरुपण अपने शब्दों में कीजिए।

(ii) 'आषाढ का एक दिन' नाटक की तात्विक विवेचना कीजिए।

(iii) 'भट्टिनि द्विवेदीजी की अविस्मरणीय पात्र रचना है' इस कथन को सप्रमाण सिद्ध कीजिए।



प्र. 3. निम्न में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5x4=20

(i) 'चन्द्रगुप्त' नाटक की विशेषताएं बताइए।

(ii) ''कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता'' निबंध में लेखक ने उर्मिला के चरित्र की किन विशेषताओं के प्रति पाठक का ध्यान आकर्षित किया है?

(iii) ''जो हमारा है वही हमारा है, इसी से हमारी शोभा है'' ऐसा लेखक क्यों कहते हैं ?

(iv) हमें लज्ज़ा का अनुभव क्यों और किस बात पर होता है?

(v) मनोवैज्ञानिक कहानी की विशेषताओं के आधार पर 'पाजेब' का मूल्यांकन कीजिए।

(vi) पत्नी की खीझ, झुंझलाहट और शिकायती स्वर से गजाधर बाबू का कौनसा सपना टूट–सा जाता है?

प्र. 4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए (कोई दस) – 10x1=10

(i) जयशंकर प्रसाद के व्यक्तित्व कर्तृत्व का मूल्यांकन करते समय किस वृक्ष के रूपक को आधार बनाया गया है ?

(ii) सुभद्रा कुमारी चौहान की उग्रता का परिचय किस समय होता है ?

(iii) महादेवी वर्मा के मतानुसार एक युग प्रवर्तक साहित्यकार कब जन्म लेता है ?

(iv) राजा निरबंशिया कहानी के रचयिता का नाम बताओ।

(v) डॉ धर्मवीर भारती के किन्हीं दो कहानी संग्रहों के नाम बताइए।

(vi) कैलाश को सांप ने क्यों और कहां काटा ?

(vii) 'पुरस्कार' कहानी की नायिका का नाम बताइए।

(viii) 'कुडमाई' क्या है ?

(ix) हल्दी, दूब, दही, अच्छत किसके प्रतीक हैं ?

(xvii) 'कल्चर एण्ड एनार्की' किसी रचना है ?

(xviii) मैथ्यू आर्नल्ड किस युग के आलोचक हैं ?

(xix) 'फेबर एण्ड फेबर' के निदेशक कौन थे ?

(xx) 'वस्तुनिष्ठ समीकरण' सिद्धान्त किसका है ?

(xxi) 'बियोंड' किसकी रचना है ?

(xxii) कॉलरिज से संबंधित रिचर्डस की कौन-सी कृति है ?

(xxiii) 'आर्केटाहपल पद्धति' के जनक कौन हैं ?

(xxiv) देरिदा का मार्क्स के संबंध में कौनसा लेख है ?

(xxv) केशवदास के लक्षणग्रंथों का नामोल्लेख कीजिए।

♦♦♦





# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा - 2013

**(पत्राचार पाठ्यक्रम)**

**विषय : हिन्दी**

**तृतीय पत्र : काव्य शास्त्र एवं साहित्यालोचन**

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. रस क्या है ? उसके स्वरूप का वर्णन कीजिए।

अथवा

'ध्वनि-सिद्धान्त' की व्याख्या कीजिए। 10

प्र. 2. लोंजाइनस की 'उदात्त' की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'अभिव्यंजनावाद' के सिद्धान्तों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालिए। 10

प्र. 3. समाजशास्त्रीय आलोचना पद्धति क्या है, इसको उदाहरण देते हुए समझाइए।

अथवा

केशव की काव्यशास्त्रीय मान्यताओं को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 10

प्र. 4. निम्नलिखित पद्यांशों की व्यावहारिक समीक्षा कीजिए–

'अति सुधो सनेह को मारग है जहां नेकु सयानपन बांक नहीं,
तहाँ साँचे चलै तजि आपुनपौ झझकै कपटी जे निसाँक नहीं।
धनआनन्द प्यारे सुजान सुनौ इत एक तै दूसरो आँक नहीं,
तुम कौ धौं पाटी पढ़े हो लला मन लेहु पै देहु छटाँक नहीं।।

**अथवा**

'शांति नहीं तब तक, जब तक
सुख भाग न नर का सम हो,
नहीं किसी को बहुत अधिक हो,
नहीं किसी को कम हो।
ऐसी शांति राज्य करती है
तन पर नहीं हृदय पर
नर के उंचे विश्वासों पर
श्रद्धा, भक्ति, प्रणय पर।' 15

प्र. 5. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं पांच प्रश्नों का उत्तर दीजिये– 5 x 3 = 15

(i) काव्य के लक्षण बताइए।
(ii) महाकाव्य की विशेषताएं बताइए।
(iii) 'अभिव्यक्तिवाद' क्या है ?
(iv) वैदर्भी रीति क्या है?
(v) प्लेटो के अनुसार 'सदकाव्य के गुण' क्या हैं?
(vi) विरेचन क्या है?
(vii) 'विखण्डनवाद' की मूल अवधारणा क्या है?
(viii) रिचर्ड्स की व्यावहारिक आलोचना क्या है ?



प्र. 6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं बीस (20) प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

20 x 1 = 20

(i) 'जुगुप्सा' किस रस का स्थायी भाव है ?
(ii) आश्रय किसे कहते हैं ?
(iii) विप्रलम्भ श्रृंगार के भेद बताइए।
(iv) भामह ने कुल कितने अलंकारों का उल्लेख किया है ?
(v) अलंकार के सम्बन्ध में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने क्या परिभाषा दी है?
(vi) आधुनिक विद्वान 'रीति' को प्राय: किस शब्द का प्रयोग करते हैं ?
(vii) आचार्य वामन ने 'रीति' किसे माना है ?
(viii) आचार्य मम्मट ने वैदर्भी रीति को किस नाम से पुकारा है ?
(ix) पश्चिम के किस सिद्धान्त से वक्रोक्ति सिद्धान्त की तुलना की जाती है?
(x) प्रबन्ध वक्रता क्या है ?
(xi) चित्र काव्य क्या है ?
(xii) लक्षणामूलक ध्वनि किसे कहते हैं ?
(xiii) 'नोमोई' किसकी रचना है ?
(xiv) प्लेटो की अरबी–फारसी परम्परा में किस नाम से जाना जाता है ?
(xv) 'पेरिपोइतिकेस' किसकी रचना है?
(xvi) उदात्त के कितने दोष हैं ?

# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा - 2013

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## चतुर्थ पत्र : हिन्दी साहित्य का इतिहास

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नांकित में से पन्द्रह प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है। 15

(i) आदिकाल की समय सीमा क्या है ?

(ii) साहित्य के प्रथम काल को 'वीरगाथा काल' किसने कहा है ?

(iii) पुष्पदंत द्वारा रचित महाकाव्य का नाम लिखिए।

(iv) कबीरदास के दीक्षा गुरु कौन थे ?

(v) सूफी काव्य की मूल प्रेरणा क्या है ?

(vi) केशवदास रामायण से प्रेरणा ग्रहण करते हुए किस महाकाव्य की रचना की है ?

(vii) ''इतिवृत्तामकता'' क्या है ?

(viii) उत्तर छायावाद का सर्वप्रधान कवि कौन था ?

(ix) किस सप्तक के प्रकाशन के बाद प्रयोगवाद चूक गया ?

(x) संसद में सड़क तक किस काव्य संग्रह की कविता है ?

(xi) सौमित्र मोहन की लम्बी कविता का नाम लिखिए।

(xii) हिन्दी का पहला मौलिक उपन्यास किसे माना जाता है ?

(xiii) 'गोदान' को किसका महाकाव्य कहा जाता है ?

(xiv) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल द्वारा दी गई रहस्यवाद की परिभाषा लिखिए।

(xv) छायावाद का प्रथम कवि कौन माना जाता है ?

(xvi) किसी एक सामाजिक उपन्यासकार का नाम लिखिए।

(xvii) महादेवी की किस काव्यकृति पर भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?

प्र. 2. निम्नांकित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिये– 5 x 3 = 15

(i) दक्खिनी हिन्दी से आप क्या समझते हैं ?

(ii) रेखाचित्र से आप क्या समझते हैं ?

(iii) नई कविता की दो विशेषताएं लिखिए।

(iv) कबीर की भक्ति स्पष्ट कीजिए।

(v) प्रेमचन्द युगीन हिन्दी उपन्यास की विशेषताएं बताइये।

(vi) नयी कहानी आंदोलन की शुरूआत क्यों हुई ?

(vii) रीतिबद्ध काव्य की तीन प्रमुख कृतियां लिखिए।



प्र. 3. निम्नांकित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिये 5 x 10 =50

(i) रामचिरतमानस समन्वय की विराट चेष्टा है। स्पष्ट कीजिए।

(ii) उदाहरण सहित भक्ति काव्य की प्रवृत्तियां स्पष्ट कीजिए।

(iii) आधुनिकता के दौर में उर्दू काव्य के योगदान पर विस्तार से लिखिए।

(iv) उपन्यास आधुनिक व्यस्त जीवन का महाकाव्य है। इस कथन की समालोचना कीजिए।

(v) प्रयोगवाद का आरम्भ कब और क्यों हुआ था? आलोचना कीजिए।

(vi) क्या प्रगतिवाद सिर्फ एक आंदोलन मात्र था ? स्पष्ट कीजिए।

(vii) आदिकाल की काव्यधाराओं पर प्रकाश डालिये।

♦♦♦

# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा – 2013

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## पंचम पत्र : जैन संस्कृति एवं जीवन मूल्य

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में दें – 10 x 1 = 10

(i) 'जैन' शब्द का अर्थ क्या है?

(ii) अवसर्पिणी काल किसे कहते हैं?

(iii) जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर कौन थे?

(iv) जैन संस्कृति के कितने रूप हैं?

(v) आचार का अर्थ क्या है?

(vi) 'लोक' किसे कहते हैं?

(vii) आहार कैसा होना चाहिए?

(viii) अणुव्रत किसे कहते हैं?

(ix) लक्ष्य कैसा होना चाहिए?

(x) कषाय किसे कहते हैं ?

प्र. 2. निम्न पर टिप्पणी लिखिए (कोई चार) 4 x 7 = 28

(i) तीर्थंकर महावीर के निद्रा विजय के बारे में लिखिए।

(ii) तेरापंथ सम्प्रदाय के बारे में लिखिए।

(iii) सम्यक चारित्र किसे कहते हैं?

(iv) संवर, निर्जरा, बंध और मोक्ष को समझाइए।

(v) अध्यात्म का अर्थ क्या है?

(vi) अनुप्रेक्षा–भावना पर प्रकाश डालें।



प्र. 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखें। (कोई तीन) 3 x 14= 42

(i) जैन धर्म की प्राचीनता को सिद्ध करें।

(ii) जैन जीवन शैली पर प्रकाश डालें।

(iii) जैनदर्शन में वर्णित पर्यावरण संतुलन के उपायों का विवेचन करें।

(iv) अहिंसा को परिभाषित करते हुए अहिंसा प्रशिक्षण के उपायों पर प्रकाश डालें।

(v) तनाव की व्याख्या एवं तनाव प्रबन्धन के बारे में लिखें।

♦♦♦

(vii) अष्टछाप के चार कवियों का नामोल्लेख कीजिए।

(viii) ''उर में माखन चोर गड़े।

अब कैसहु निकसत निाहं ऊधो। तिरछै ह्वै जो अड़े।''

यह कथन कब, कहाँ, किसके द्वारा और किसको संबोधित है ?

(ix) तुलसीदास के गुरु का क्या नाम था ?

(x) अमीर खुसरो किस सूफी संत के शिष्य थे ?

(xi) रामचरितमानस में कुल कितने काण्ड हैं ?

(xii) भूषण के आश्रयदाता नृपों के नाम लिखिए।

(xiii) अपनी नवविवाहिता किशोरी रानी के मोहपाश में बँधा हुआ देख कर बिहारी ने किस राजा को कर्त्तव्य बोध का स्मरण कराया था ?

(xiv) मीरा के जन्म स्थान का नाम लिखिए।

(xv) किस रीतिकाल के कवि का ऋतुवर्णन हिन्दी काव्य में बहुत प्रसिद्ध है ?

(xvi) भक्ति काव्य धारा को आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने कितने उपखण्डों में विभाजित किया है ?

(xvii) प्रेम के पीर का कवि किसे कहते हैं ?

(xviii) रीतिकाल के प्रवर्तक कवि का नाम लिखिए।

(xix) एक ही रचना के कारण हिन्दी कविता में अमर होने वाला कवि कौन है ?

(xx) वात्सल्य एवं बाललीला के चित्रण के श्रेष्ठ कवि का नाम बताइए।

♦♦♦





# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा - 2013

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## षष्ठम पत्र : प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य

समय : 3.00 घण्टे | पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्हीं तीन पद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। 3x10=30

(i) मोकों कहां ढूंढ़े बन्दे, मैं तो तेरे पास में,
ना मैं देवल ना मैं मसजिद, ना काबे कैलास में।
ना तो कौने क्रिया कर्म में, नहीं योग वैराग में,
खोजी होय तो तुरतै मिलिहों, पल भरकी तालास में।
कहैं कबीर सुनौ भाई साधो, सब स्वासों की स्वाँस में।

(ii) गंध्रपसेन सुगन्ध नरेसू। सो राजा यह ताकर देसू
लंका सुना जो रावन राजू। तेहु चाहि बड ताकर साजू
छप्पन कोटि कटक दरसाजा। सबै छत्रपति ओरंगन्ह राजा।
सोरह सहस घोर घोरसारा। सांवकरन बालका तुखारा।
सात सहस हस्ती सिंघली। जिमि कबिलास एरापति बली।
असुपति क सिरमौर कहावा। गजपति क अंकुस गज नावा
नरपतीक क हाव नरिंदू। भुअपती क जग दोसर इंदू
अइस चक्कवै राजा चहूं भै होइ।
सवै आइ सिर नावहिं सरबरि करै न कोई।।

(iii) लरिकाई को प्रेम, कहो अलि, कैसे करिकै छूटत ?
कहा कहौं ब्रजनाथ चरित अब अंतरगति यो लूटत।।
चंचल चाल मनोहर चितवनि वह मुसुकानि मंद धुनि गावत।।
नटवर भेस नंदनदन को वह बिनोद वह बन ते आवत।।
चरनकमल की सपथ करति हौं, यह संदेस मोहिं विष सम लागत।।
सूरदास मोहि निमिष न बिसरत मोहन मूरति सोवत जागत।।

(iv) दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहहि व्यापा।।
सब नर करहि परस्पर प्रीती। चहहि स्वधर्म निरत श्रुति नीति।।
चारिउ चरन धर्मजग माही। पूरि रहा सपनेहू अध नाही।।
राम भगति रत नर अरु नारी। सकल परम गति के अधिकारी।।
अल्पमृत्यु नहीं कवनिउ पीरा। सब सुन्दर सब बिरुज सरीरा।।
नहि दरिद्र कोउ दुखी न दीना। नहि कोउ अबुध न लच्छन हीना।।
सब निर्दंभ धर्मरत पुनी। नर अरु नारि चतुर सब गुनी।।
सब गुनग्य पंडित सब ग्यानी। सब कृतग्य नहि कपट सयानी।।

(v) मेरी भव–बाधा हरौ, राधा नागरि सोई।
जा तन की झाँई परै, स्यामु हरित–दुति होइ।।

(vi) कहलाने एकत बसत, अहि–मयूर, मृग–बाघ।
जगत तपोवन सो कियो, दीरघ दाघ निदाघ।।

प्र. 2. निम्नांकित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2 x 10 = 20

(i) भक्तिकाल के उदय के कारणों को विस्तार से समझाइए।

(ii) कबीर को क्रांतिकारी लोक कवि कहा गया है। इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(iii) भ्रमरगीत के दार्शनिक पक्ष पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

(iv) तुलसीदास की समन्वय भावना पर एक निबन्ध लिखिए।



प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 x 3 = 15

(i) भक्ति काव्यधारा में मीरा का महत्त्व बताइए।

(ii) सूफी शब्द से आप क्या समझते हैं ?

(iii) सूरदास का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(iv) तुलसीदास की प्रमुख रचनाओं का परिचय दीजिए।

(v) बिहारी की भक्ति भावना पर एक लघु लेख लिखिए।

(vi) भूषण की राष्ट्रीयता पर प्रकाश डालिए।

(vii) खुसरो का महत्त्व संक्षेप में समझाइए।

प्र. 4. निम्नलिखित में से कोई पन्द्रह प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 15 x 1 = 15

(i) 'खालिक वारी' किसकी रचना है ?

(ii) पृथ्वीराज रासो को प्रामाणिक मानने वाले दो विद्वानों के नाम लिखिए।

(iii) डिंगल और पिंगल का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(iv) जायसी ने पद्मावत में किस शाह–ए–वक्त की प्रशंसा की है ?

(v) शुद्धाद्वैत के प्रतिष्ठापक आचार्य का नाम लिखिए।

(vi) ''भक्ति आंदोलन निराश, हताश एवं पराजित हिन्दू मानसिकता की परिणति है।'' यह कथन किस इतिहासकार का है ?

(xix) हिन्दी में कारकों की संख्या कितनी है?

(xx) लौकिक संस्कृत साहित्य का सबसे प्राचीन ग्रंथ कौन–सा है?

(xxi) राजभाषा और राष्ट्रभाषा के अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

(xxii) माध्यम भाषा किसे कहते हैं?

♦♦♦





# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा – 2013

**(पत्राचार पाठ्यक्रम)**

**विषय : हिन्दी**

**सप्तम पत्र : भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा**

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. भाषा के अभिलक्षणों के आधार पर भाषा के स्वरूप की व्याख्या कीजिए।

अथवा

स्वन विज्ञान की शाखाओं का विस्तार से वर्णन कीजिए। 10

प्र. 2. अर्थ की अवधारणा पर एक लेख लिखिए।

अथवा

साहित्य के अध्ययन में भाषा–विज्ञान की भूमिका पर एक लेख लिखिए। 10

प्र. 3. पश्चिमी हिन्दी की बोलियों का परिचय देते हुए उनकी विशेषताएँ बताइये।

अथवा

प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं पर टिप्पणियाँ करते हुए उनकी विशेषताओं पर सविस्तार प्रकाश डालिए। 10

प्र. 4. देवनागरी लिपि के मानक स्वरूप को स्पष्ट करते हुए एक लेख लिखिए।

अथवा

'देवनागरी लिपि एक वैज्ञानिक लिपि है' इस पर अपने विचार प्रकट कीजिए।10

प्र. 5. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5 x 4 = 20

(i) खड़ी बोली की विशेषताएँ बताइये।

(ii) शब्द व अर्थ का सम्बन्ध सोदाहरण समझाइये।

(iii) सांस्कृतिक भिन्नता पर टिप्पणी लिखिए।

(iv) अर्थ परिवर्तन के कारणों की चर्चा कीजिए।

(v) वैदिक संस्कृत और लौकिक संस्कृत में अन्तर बताइये।

(vi) स्वनगुण पर टिप्पणी लिखिए।

(vii) देवनागरी लिपि की खामियाँ क्या है?

(viii) हिन्दी साहित्य में कम्प्यूटर की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

प्र. 6. निम्नलिखित में से किन्हीं बीस प्रश्नों के उत्तर दीजिये– 20 x 1 = 20

(i) वाक् किसे कहते हैं?

(ii) भाषा शब्द की वयुत्पत्ति बताइये।

(iii) पाणिनी के ग्रंथ का नाम बताइये।



(iv) ब्रज भाषा के क्षेत्र का नाम बताइये।

(v) भुक्सा, डांगी आदि शब्द कौन–सी भाषा के हैं?

(vi) अवधी की दो रूपात्मक विशेषताएँ बताइए।

(vii) पूर्वी हिन्दी की सबसे प्रमुख बोली कौन–सी है?

(viii) बुंदेली भाषा किस क्षेत्र में बोली जाती है?

(ix) राष्ट्रभाषा से क्या तात्पर्य है?

(x) पहाड़ी हिन्दी किस क्षेत्र में बोली जाती है?

(xi) कर्तृवाचक कृदंत प्रत्यय की परिभाषा बताइए।

(xii) व्याकरण में भाषा के प्रमुख घटक के नाम बताइए।

(xiii) स्वन विज्ञान का पुराना नाम क्या है?

(xiv) व्युत्पत्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(xv) भाषा विज्ञान के प्रधान अंगों के नाम लिखिए।

(xvi) भाषा भूगोल से क्या तात्पर्य है?

(xvii) संरचनात्मक भाषा विज्ञान के जनक कौन हैं?

(xviii) भाषा का विशिष्ट ज्ञान भाषा विज्ञान है ऐसा किसने कहा है?

# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा – 2013

**(पत्राचार पाठ्यक्रम)**

**विषय : हिन्दी**

**अष्टम पत्र : लोक साहित्य**

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 3 x 15 = 45

(i) लोकवार्ता किसे कहते हैं ? इसके क्षेत्र को विस्तार से समझाइए।

(ii) लोक साहित्य के अध्ययन विषयक अन्य समाज विज्ञानों से सम्बन्ध स्थापित कीजिए।

(iii) लोक साहित्य की लोक गाथाओं का परिचय देते हुए किसी एक लोक गाथा के चरित्र नायक की विशेषताओं का उदघाट्न कीजिए।

(iv) लोक देवी देवताओं से क्या तात्पर्य है ? राजस्थान के प्रमुख लोक देवताओं का परिचय दीजिए।



कृ.पृ.उ.

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5 x 4 = 20

(i) 'मानस' के तीन स्तरों की विवेचना कीजिए।

(ii) लोक साहित्य के अध्ययन में भारतीय सम्प्रदायों के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(iii) लोक कथा के तत्त्वों पर प्रकाश डालिए।

(iv) लोक गीतों की परिभाषा दीजिए।

(v) लोक नाटकों के तत्त्वों का विवेचन कीजिए।

(vi) 'लावणी' छन्द का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(vii) लोककला में मांडण की परम्परा को स्पष्ट कीजिए।

प्र. 3. निम्नलिखित के उत्तर एक पंक्ति में दीजिये। (कोई 15) 15 x 1 = 15

(i) लोकाभिव्यक्ति का मूल आधार क्या है?

(ii) फोकलोर (Folk Lore) शब्द का हिन्दी भाषा में क्या शब्द है ?

(iii) मानव समुदाय के मानसिक स्वरूप कौनसे तीन भागों में बांटा गया है। नाम लिखो।

(iv) लोक साहित्य का केन्द्रीय लक्षण क्या है ?

(v) लोक मानस की सम्पूर्ण चेतना और आस्था का मेरूदण्ड क्या है ?

(vi) लोक कथाएँ अपने प्रयोजन में क्या होती हैं ?

(vii) 'बडी तीज' का त्यौहार कब मनाया जाता है ?



(viii) रामदेवजी का मेला किस स्थान पर लगता है ?

(ix) सम्मतों का विकास किस जिले में हुआ ?

(x) स्वांग किसे कहते हैं ?

(xi) शेखावाटी ख्याल के वाद्य यंत्रों का नाम लिखो।

(xii) तेजा जी किस लोक देवता के नाम से पूजे जाते हैं ?

(xiii) जसनाथी सम्प्रदाय के प्रवर्तक का नाम लिखो।

(xiv) जीण माता का मेला किस जिले में भरता है ?

(xv) करणी माता का मंदिर कहाँ स्थित है ?

(xvi) राजस्थान में गणगौर का प्रसिद्ध मेला कहाँ पर लगता है ?

(xvii) नागपंचमी को किसकी पूजा की जाती है ?

(xviii) शिवरात्रि को किस देवता की पूजा की जाती है ?

(xix) भवाई नृत्य किस राज्य का है ?

(xx) सारंगी कौन सी जाति का वाद्य यंत्र है ?

♦♦♦

The third area is education and healthcare. Here we have found that education and healthcare are interrelated. For example, Kerala with high literacy and better healthcare could bring down the rate of population growth and improvement in the quality of life in the state. Similarly, in Tamil Nadu too we have seen a fall in the birth rate that is linked to these factors. studies in Andhra Pradesh indicate a similar trend.

♦♦♦





# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा - 2013

**(पत्राचार पाठ्यक्रम)**

**विषय : हिन्दी**

**नवम् पत्र : अनुवाद विज्ञान**

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के विस्तृत उत्तर दीजिए। 3 x 15= 45

(i) अनुवाद की परिभाषा दीजिए और उसका स्वरूप एवं सीमा बताइये।

(ii) अनुवाद विज्ञान है या कला अथवा शिल्प। स्पष्ट कीजिए।

(iii) अनुवाद की कठिनाइयों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

(iv) कोश का तात्पर्य बताइये और अनुवाद में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

(v) भाषा प्रयुक्ति क्या है ? अनुवाद की दृष्टि से भाषा प्रयुक्तियों के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $4 \times 2^1/_2 = 10$

(i) पाणिनि द्वारा दी गई वाक्य की परिभाषा क्या है?

(ii) नाइडा द्वारा अनुवाद प्रक्रिया का प्रस्तावित प्रारूप क्या है ?

(iii) अनुवाद में समतुल्यता के सिद्धान्त का अर्थ बताइये।

(iv) विज्ञापनों में अनुवाद का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

(v) पुनरीक्षण की प्रक्रिया के विभिन्न कार्य बताइये।

(vi) राष्ट्रीय एकता में अनुवाद का महत्त्व लिखें।

(vii) आशु अनुवाद की स्थिति स्पष्ट कीजिए।

(viii) संप्रेषण की रीति भाषा को किस तरह प्रभावित करती है ?

प्र. 3. निम्नलिखित में से दस प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में उत्तर दीजिए। 10 x 1= 10

(i) भाषा की सीमाएं कितने प्रकार की होती हैं ?

(ii) अनुवाद को समझने की दो दृष्टियों के नाम बताइये।

(iii) पुनरीक्षण क्या अनुवादक स्वयं करता है?

(iv) पदान्वय किसको कहते हैं ?

(v) पत्रकारिता के क्षेत्र में संपादक पाठकों को आकर्षित करने के लिए किस तरह की भाषा का प्रयोग करता है ?

(vi) मशीनी अनुवाद का आरंभ कब हुआ ?

(vii) अनुवाद की आवश्यकता क्यों होती है ?

(viii) उच्चारण कोशों की उपयोगिता बताइये।

(ix) विधि के क्षेत्र में क्या भावानुवाद संभव है ?



(x) रचना की दृष्टि से वाक्य कितनी प्रकार के होते हैं ?

(xi) कोश का अर्थ बताइए।

(xii) थिसोरस किसे कहते हैं?

(xiii) प्रतीक कितने प्रकार के होते हैं।

(xiv) क्या अनुवाद कला है।

(xv) पदबंध क्या है?

प्र. 4. निम्नलिखित अंग्रेजी अवतरण का हिन्दी भाषा में अनुवाद कीजिए। 15

As our experience reveals, progress is rapid wherever there is an efficient administrative set-up, a high level of education and minimum political interference in development activity. To me, development is a security-centric phenomenon - from poverty to food security, social security and thereafter national security. In India 2020, we have identified five areas where India has a core competence for integrated action.

First among these five is agriculture and food processing, where we have to set a target of 360 million tonnes of food and agricultural production. Agriculture and agro food processing, particularly by way of value addition, would bring prosperity to the rural people and speed up economic growth.

The second area is power. A reliable supply of electricity in all parts of the country is a must.

(xiv) पारिभाषिक शब्दों का निर्माण कैसे होता है ?

(xv) प्रेस विज्ञप्ति कब जारी होती है ?

(xvi) धारावाहिक लेखन में कथा विभाजन को क्या कहते हैं ?

(xvii) अनुवाद का व्युत्पत्तिपरक अर्थ क्या है ?

(xviii) संक्षेपण का क्या अर्थ है ?

(xix) पल्लवन का क्या अर्थ है ?

(xx) पटकथा का क्या अर्थ है ?

(xxi) भारत में इंटरनेट पत्रकारिता कब आरम्भ हुई ?

(xxii) अर्थग्रहणशक्तियों के नाम लिखिए।

♦♦♦



# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा – 2013

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## दशम पत्र : प्रयोजनमूलक हिन्दी

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। उनके अंक प्रश्नों के सम्मुख अंकित हैं।*

**आलोचनात्मक प्रश्न** 4 x 10 = 40

प्र. 1. प्रयोजनमूलक हिन्दी के स्वरूप और उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।

अथवा

कम्प्यूटर के विविध अंगों की जानकारी देते हुए मौजूदा दौर में कम्प्यूटर की अर्थवत्ता निर्धारित कीजिए।

प्र. 2. हिन्दी पत्रकारिता के स्वरूप की विवेचना करते हुए इसके विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए।

अथवा

हिन्दी पत्रकारिता का संक्षिप्त इतिहास लिखिए।

प्र. 3. मुद्रित माध्यम में लेखन के लिए ध्यान रखने योग्य विशेषताओं का उदघाटन कीजिए।

अथवा

फीचर और रिपोर्ताज की विशेषताएँ बताइए।

प्र. 4. कार्यालयी अनुवाद क्या है ? इसके विभिन्न प्रकारों को समझाइए।

अथवा

कहानी का नाट्य रूपान्तरण करते समय किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए? कुछ ऐसी कहानियों के नाम बताइए, जिनका सफल नाट्य रूपान्तरण हुआ है।

**लघुत्तरात्मक प्रश्न**

प्र. 5. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 x 4 = 20

(i) संचार भाषा की परिभाषा एवं भेद बताइये।

(ii) संक्षेपण क्या है? सोदाहरण समझाइये।

(iii) प्रारूपण (Drafting) के प्रमुख अंग क्या हैं ?

(iv) प्रूफ रीडर की आवश्यक सावधानियां क्या हैं?

(v) विज्ञापन की परिभाषा लिखकर उपयोगिताएं लिखिए ।

(vi) हिन्दी की प्रयोजनीयता में अनुवाद की क्या भूमिका है ?



(vii) टेलीविजन के समाचारों की दर्शकों तक की यात्रा को समझाइये।

(viii) विधि अनुवाद के दौरान क्या–क्या सावधानियां रखनी चाहिए?

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न**

प्र. 6. निम्नलिखित में से किन्हीं बीस प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 20 x 1 = 20

(i) प्रयोजनमूलक हिन्दी का अर्थ क्या है ?

(ii) कम्प्यूटर शब्द कैसे बना है ?

(iii) कम्प्यूटर कितने प्रकार के होते हैं ?

(iv) वर्ल्ड वाइड वेब का निर्माण कब व कहाँ हुआ ?

(v) इंटरनेट का व्युत्पत्तिपरक अर्थ क्या है ?

(vi) इंटरनेट के उपकरण कौन–कौन से हैं ?

(vii) खोजपरक पत्रकारिता क्या है ?

(viii) समाचार की परिभाषा लिखिए।

(ix) रेडियो का आविष्कारक किसे माना जाता है ?

(x) सिनेमा का आविष्कारक कौन है व कहां के हैं ?

(xi) भारत में पहली फिल्म कब व कौन सी बनी ?

(xii) अनुवाद की आंतरिक समस्याएँ क्या हैं ?

(xiii) रिपोर्ताज किस भाषा का शब्द है ?